>

Title: Need to improve telecom connectivity in Sitamarhi district in Bihar.

श्री अर्जुन राय (सीतामढ़ी): महोदय, दूरसंचार की क्रांति के युग में भी बिहार का सीतामढ़ी जिला, जहां से मैं सांसद हूं, लगभग 100 किलोमीटर बॉर्डर एरिया से जुड़ा हुआ है। सारी टेलीफोन कनेक्टिविटी डिस्टर्ब है और मोबाइल टावर्स फेल रहते हैं। नेपाल से जो माओवादी एक्टिविटीज होती हैं या अपराध की घटनाएं होती हैं, शासन-प्रशासन के पास उनको पहुंचान बड़ा मुश्किल होता है। साल भर पहले माननीय दूरसंचार मंत्री जी से मैंने आग्रह किया था कि वहां पर टेलीफोन डिस्ट्रिक्ट डिक्लेयर करने के लिए, वहां सीतामढ़ी से 60-70 किलोमीटर दूर मुजफ्फरपुर से टेलीकम्यूनिकेशन का कार्य संचालित किया जाता है। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि वहां पर मोबाइल टावर्स, चाहे बीएसएनल के हों या प्राइवेट कंपनियों के हों, उनकी कमी है। इसके लिए बीपीएस जितना लगना चाहिए, उसकी कमी है। सरकार इसको पूरा करते हुए सीतामढ़ी जिले को टेलीफोन डिस्ट्रिक्ट घोÂfात करे, ताकि टेलीकम्यूनिकेशन के इस दौर में सीतामढ़ी में संचार सुविधा की सहूलियत हो सके।